प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप

## बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।

पंत्राक– का0ब0वि0प्रा0–2025–26 दिनॉक–

**विज्ञप्ति**

बरेली विकास प्राधिकरण के कार्यो के निष्पादन हेतु तात्कालिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए 65 वर्ष से कम आयु के सेवानिवृत्त लेखपाल को बरेली विकास प्राधिकरण में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा/नियत मानदेय पर सेवा में रखे जाने हेतु दिनांक 17/02/2026 से दिनांक 03/03/2026 तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रुप से भरे हुए आवेदन–पत्र निर्धारित अवधि में प्राधिकरण कार्यालय में डाक, व्यक्तिगत रुप से अथवा प्राधिकरण की ई–मेल आई0डी0 **bdabareilly@gmail.com** के माध्यम से जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों के आवेदकों का साक्षात्कार दिनॉक–07/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे लिया जायेगा। आवेदन–पत्र एवं सेवा सम्बन्धी अन्य शर्तें प्राधिकरण की बेबसाइट www.bdainfo.org पर एवं श्री धर्मवीर लिपिक बरेली विकास प्राधिकरण से प्राप्त की जा सकती हैं।

धर्मवीर
लिपिक

अधिष्ठान प्रभारी
बरेली विकास प्राधिकरण
बरेली

# कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

रामगंगानगर आवासीय योजना से0–2, निकट रामायण वाटिका, बरेली (उ०प्र०)

Website :www.bdainfo.org, email : bdabareilly@gmail.com, blyda@up.nic.in


1. कार्मिक को पूर्णतः स्वस्थ्य होना चाहिए एवं उसे चिकित्सक द्वारा निर्गत फिटनेस चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. नियुक्ति हेतु समाचार पत्र में विज्ञापन के माध्यम से आवेदन प्राप्त किये जायेगें।
3. इस प्रकार की रीति से तैनात किये जाने वाले कार्मिकों की सेवायें पूर्णतया अस्थायी होगीं।
4. सेवानियुक्त कर्मचारी के अपने पूरे सेवाकाल में किसी प्रकार का कोई दण्ड न प्राप्त हुआ हो।
5. मानदेय पर तैनात किये जाने वाले कार्मिकों को निर्धारित मानदेय धनराशि का भुगतान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई धनराशि/भत्ता देय नहीं होगा। मानदेय का भुगतान आयकर अधिनियम–1961 के प्राविधानों के अधीन किया जायेगा।
6. इस प्रकार मानदेय पर तैनात कर्मिकों की तैनाती एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि इसे पूर्ण में समाप्त न कर दिया जाये।) की जायेगी, जिसे उनकी कार्य क्षमता एवं कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत सक्षम स्वीकृति उपरान्त आगे बढ़ाया जा सकेगा। उपाध्यक्ष कार्मिक की सेवायें बिना किसी नोटिस के किसी भी समय समाप्त कर सकेंगे। इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष का निर्णय अन्तिम होगा।
7. आवेदकों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से उपाध्यक्ष/उनके द्वारा नामित किसी अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा।
8. चयनित तकनीकी कार्मिक उपाध्यक्ष द्वारा सौंपे गये समस्त कार्यो का सम्पादन करेंगे।
9. चयनित कार्मिकों को योगदान के पूर्व इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह पूर्ण निष्ठा के साथ प्राधिकरण के हित में कार्य करेंगे। यदि उनका कोई कार्य प्राधिकरण हित के विपरीत पाया जाये तो प्राधिकरण उनकी सेवायें किसी समय समाप्त कर सकता है तथा प्राधिकरण उनके विरूद्ध सिविल/आपराधिक कार्यवाही करने के लिये भी स्वतंत्र होगा। चयनित तकनीकी कार्मिक मानदेय के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के वेतन भत्ते आदि की मांग नहीं करेगा और न ही प्राधिकरण के विरूद्ध किसी प्रकार का दावा किसी न्यायालय में करेगा। चयनित कार्मिक की सेवाओं के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष का निर्णय अन्तिम होगा और कार्मिक को हर हाल में स्वीकार होगा।

धर्मवीर
लिपिक

अधिष्ठान प्रभारी
बरेली विकास प्राधिकरण
बरेली

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1– आवेदित पद का नामः सेवानिवृत्त लेखपाल

2– आवेदक का नामः ..........................................................................................

3– पिता/पति का नामः ..........................................................................................

4– जन्मतिथिः ..........................................................................................

5– 01.01.26 को आयुः ........................ वर्ष........................ माह..........................दिन

6– सेवानिवृत्त का पद . ..........................................................................................

7– पत्राचार का पताः ..........................................................................................................

..........................................................................................................

8– स्थाई पताः ..........................................................................................................

..........................................................................................................

9– शैक्षिक योग्यता ..........................................................................................................

10–मो0न0/ई मेल आई0डी0 ..........................................................................................................

11– अधिवर्षता पूर्ण होने के उपरान्त अवमुक्त होने एवं पी0पी0ओ0 की छायाप्रति संलग्न करे।

## घोषणाः–

मै घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाये, बिन्दु सं0–1 से 11 तक तथा संलग्न सभी सूचनाये सत्य है मुझे कभी भी विभाग से दण्डित नही किया गया है तथा मेरे द्वारा कोई भी सूचना छिपायी नहीं गयी है, यदि भविष्य में कभी यह पाया जाये कि मेरे द्वारा कोई मिथ्य सूचना/अभिलेख प्रस्तुत किया गया है/की गयी है, तो मेरी नियुक्ति बिना कोई कारण बताये निरस्त करते हुये मेरे विरूद्व वैधनिक कार्यवाही की जायेगी, तो मुझे मान्य होगी।

संलग्नकों का विवरणः–

नाम एवं पता